**GOVERNMENT OF NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI**
**LABOUR DEPARTMENT**
**ADMINISTRATION BRANCH**

5 SHAM NATH MARG, DELHI-110054

E-mail: admn-labour@delhi.gov.in Ph. No. : 011-23963334

**F.1/31/1150/LC/Estt./Rectt.Rules/MTS/2023/** 6743 - 6750 **Date:** 22/01/2024

# CIRCULAR

**Sub:- Framing of Recruitment Rules of Multi-Tasking Staff (MTS) in Labour Department, GNCTD.**

It is for the information of all concerned that Recruitment Rules for the post of Multi-Tasking Staff (MTS) have been framed and published in Delhi Gazette (Extra-ordinary) Part-IV in English and Hindi version vide No. F.1/31/1150/LC/Estt./Rectt.Rules/MTS/2023/6761 dated 12.01.2024. The same can also be downloaded from https://egazette.gov.in/.

19.1.24
**(VIJAY CHANDNA)**
**Dy. LABOUR COMMISSIONER (ADMN.)**

**F.1/31/1150/LC/Estt./Rectt.Rules/MTS/2023/** 6743 -6750 **Date:** 22/01/2024.

Copy for information and necessary action to:-

1. Pr. Secretary to Hon'ble Lieutenant Governor, Govt. of NCT of Delhi, Raj Niwas, Delhi-110054
2. The SO to Chief Secretary, Delhi, Govt. of NCT of Delhi, Delhi Secretariat, New Delhi-110002
3. Deputy Secretary (Services-IV), Govt. of NCT of Delhi, Delhi Secretariat, New Delhi-110002.
4. PS to Addl. Chief Secretary (Labour), Labour Department, GNCTD
5. PS to Commissioner (Labour), Labour Department, GNCTD
6. PS to Addl. LC, Labour Department, GNCTD
7. The System Analyst, EDP Cell, Labour Department with a request to upload Recruitment Rules of the aforementioned post (enclosed Gazette notification) on the website of Department.
8. Guard File.

19.1.24
**Dy. LABOUR COMMISSIONER (ADMN.)**

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33002/99 REGD. No. D. L.-33002/99

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

सत्यमेव जयते

# दिल्ली राजपत्र
# Delhi Gazette

एस.जी.-डी.एल.-अ.-12012024-251312
SG-DL-E-12012024-251312

असाधारण
EXTRAORDINARY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | | |
|---|---|---|
| सं. 15] | दिल्ली, शुक्रवार, जनवरी 12, 2024/पौष 22, 1945 | [रा.रा.रा.क्षे.दि. सं. 382 |
| No. 15] | DELHI, FRIDAY, JANUARY 12, 2024/PAUSHA 22, 1945 | [N. C. T. D. No. 382 |

भाग IV
PART IV

## राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली सरकार
## GOVERNMENT OF THE NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

### श्रम विभाग

### अधिसूचना

दिल्ली, 10 जनवरी, 2024

**फा. सं. 1/31/1150/एलसी/स्था./ भर्ती नियम /एमटीएस/2023/6761.**—गृह मंत्रालय, भारत सरकार की दिनांक 13 जुलाई, 1959 की अधिसूचना सं. जी.एस.आर. 840 के साथ पठित भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल, एतद् द्वारा श्रम विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में '**मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)**' के पद की भर्ती पद्धति को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं; अर्थात् :–

1. **संक्षिप्त शीर्षक एवं प्रारंभ** :– (i) इन नियमों को 'मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) भर्ती नियमावली, 2023' कहा जाए।

   (ii) ये दिल्ली राजपत्र में अपने प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

2. **पदों की संख्या, वर्गीकरण तथा वेतन मैट्रिक्स में स्तर** :– उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण तथा वेतन मैट्रिक्स में स्तर इन नियमों के साथ संलग्न अनुसूची के कॉलम (2) से (4) में यथाविनिर्दिष्ट होंगे।

3. **भर्ती पद्धति, आयु–सीमा, योग्यताएं इत्यादि** :–उक्त पदों की भर्ती पद्धति, आयु सीमा, योग्यताएं एवं इससे संबंधित अन्य मामले उक्त अनुसूची के कॉलम (5) से (13) में यथाविनिर्दिष्ट होंगे।

4. **अयोग्यता** :–वह व्यक्ति,

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; अथवा

(ख) जो एक जीवित पति/पत्नी के होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह कर चुका है या विवाह की संविदा कर चुका है, वह उक्त पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

शर्त यह है कि यदि सरकार संतुष्ट है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति एवं विवाह के अन्य पक्ष पर लागू व्यक्तिगत कानून के अंतर्गत अनुमत है और ऐसा करने के लिये अन्य आधार हैं, तो वह किसी ऐसे व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन की छूट दे सकती है।

5. **शिथिल करने की शक्ति** :– जहां सरकार का यह मत हो कि ऐसा करना आवश्यक एवं समीचीन है, तो वह कारणों को लिखित में अभिलेखबद्ध करते हुए, आदेश द्वारा व्यक्तियों के किसी वर्ग या श्रेणी के संबंध में इन नियमों के किसी उपबंध को छूट दे सकती है।

6. **बचाव** :– इन नियमों में सरकार द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, भूतपूर्व सैनिक या किसी अन्य विशेष वर्गों के व्यक्तियों के लिये उपबंधित किए जाने वाले अपेक्षित आरक्षण, आयु सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## अनुसूची

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **पदनाम** | : | **मल्टी टास्किंग स्टाफ** |
| 2. | **पदों की संख्या** | : | 109* (2023)<br>* परिवर्तन कार्यभार पर निर्भर |
| 3. | **वर्गीकरण** | : | सामान्य केंद्रीय सेवा, अराजपत्रित, अलिपिकीय, समूह–'ग' |
| 4. | **वेतन मैट्रिक्स में स्तर** | : | वेतन मैट्रिक्स में स्तर–1 (रुपये 18000–56900/–) |
| 5. | **क्या चयन पद है अथवा गैर चयन पद** | : | लागू नहीं |
| 6. | **सीधी भर्ती वाले उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा** | : | 18–25 वर्ष*<br>(केन्द्र सरकार द्वारा जारी अनुदेशों अथवा आदेशों के अनुसरण में विभागीय उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा 40 वर्ष तक शिथिलनीय।)<br>**टीप** :<br>आयु सीमा निर्धारण हेतु निर्णायक तिथि दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड द्वारा यथा विज्ञापित होगी।<br>* यदि अखिल भारतीय खुली प्रतियोगिता द्वारा पदों को भरा जाना हो, तो आयु सीमा 18–27 वर्ष के बीच होगी। |
| 7. | **सीधी भर्ती वाले उम्मीदवारों से अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य योग्यताएं** | : | मान्यता प्राप्त बोर्ड/वि''वविद्यालय/संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष उत्तीर्ण। |
| 8. | **क्या सीधी भर्ती वाले उम्मीदवारों के लिए निर्धारित शैक्षिक योग्यता एवं आयु सीमा पदोन्नति वाले उम्मीदवारों पर भी लागू होगी।** | : | लागू नहीं |
| 9. | **परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई है** | : | 02 वर्ष |
| 10. | **भर्ती की पद्धति, सीधी भर्ती द्वारा या पदोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/समावे"न द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले रिक्त पदों का प्रतिशत** | : | 100% सीधी भर्ती द्वारा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11. | यदि पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/समावेशन द्वारा भर्ती होनी हो तो ग्रेड जिनसे पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/समावेशन किया जाना है | : | लागू नहीं |
| 12. | **यदि कोई विभागीय पदोन्नति समिति हो, तो इसकी संरचना क्या है।** | : | **समूह 'ग' विभागीय स्थायीकरण समिति (स्थायीकरण के विचारार्थ)**<br>1. प्रधान सचिव/सचिव (लो.नि.वि.) – **अध्यक्ष**<br>2. संबंधित विभागाध्यक्ष – **सदस्य**<br>3. उप–सचिव (शाह.वि.) – **सदस्य**<br>**टीप** :– यदि विभागीय स्थायीकरण समिति का अधिसूचित अध्यक्ष विभागीय स्थायीकरण समिति के किसी भी अन्य सदस्य से कनिष्ठ है, तो विभागीय स्थायीकरण समिति का वरिष्ठतम सदस्य अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा। |
| 13. | **वे परिस्थितियाँ जिनमें भर्ती के लिए संघ लोक सेवा आयोग का परामर्श लिया जाना है।** | : | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श लिया जाना आवश्यक नहीं है। |

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल
के आदेश तथा उनके नाम पर,

विजय चांदना, उप–श्रम आयुक्त (प्रशासन)

## LABOUR DEPARTMENT

## NOTIFICATION

Delhi, the 10th January, 2024

**No. F. 1/31/1150/LC/Estt./Rectt.Rules/MTS/2023/6761.**—In exercise of the powers conferred by proviso to article 309 of the Constitution of India, read with the Government of India, Ministry of Home Affairs notification number G.S.R. 840 dated the 13th July, 1959 the Lieutenant Governor, National Capital Territory of Delhi is hereby pleased to make the following rules regulating the method of recruitment to the post of **'Multi-Tasking Staff (MTS)'**, in the Labour Department, Government of National Capital Territory of Delhi, namely:

1. **Short title and commencement**: (i) These rules may be called "Multi-Tasking Staff (MTS)" Recruitment Rules, 2023.

(ii) They shall come into force on the date of their publication in the Delhi Gazette.

2. **Number of Posts, Classification and Level of pay in Pay Matrix**: The number of the said posts, their classification and level of pay in Pay Matrix shall be as specified in column (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications etc.:** The method of recruitment to the said posts, age-limit, qualifications and other matters connected therewith, shall be as specified in column (5) to (13) of the said schedule.

4. **Disqualifications**: No person,

a) Who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

b) Who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with a person,

Shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Government may, if satisfied, that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax**: Where the Government is of the opinion that it is necessary expedient so to do, it may by order, and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of this rule with respect of any class or category of persons.

6. **Saving**: Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Ex-servicemen or any other special category of persons in accordance with the orders issued by the Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of post | Multi-Tasking Staff |
| 2. | No. of Posts | 109* (2023)<br>* Subject to variation dependent on workload |
| 3. | Classification | General Central Service, Non-Gazetted, Non-Ministerial, Group 'C' |
| 4. | Pay Level in the Pay Matrix | Level-1 (Rs. 18000-56900) in the Pay Matrix |
| 5. | Whether selection post or non-selection post | Not Applicable |
| 6. | Age limit for direct recruits | 18 to 25 years*<br><br>(The upper age limit is relaxable for Departmental Candidate upto 40 years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government)<br><br>**Note:**<br>The crucial date for determining the age limit shall be as advertised by DSSSB.<br><br>*In case of post being filled up by all India Open Competition, it would be between 18 years and 27 years. |
| 7. | Educational and other qualifications required for direct recruits | Matriculation or equivalent pass from recognized board/university/institution. |
| 8. | Whether age and Educational Qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotes | Not Applicable |
| 9. | Period of Probation, if any | 2 years |
| 10. | Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of vacancies to be filled by various methods | 100% by Direct Recruitment |
| 11. | In case of recruitment by promotion/deputation/absorption, grades from which promotion/deputation/absorption to be made | Not Applicable |
| 12. | If a Departmental Promotion Committee, exists, what is its composition | Group 'C' Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation):<br><br>1. Principal Secretary/ Secretary (PWD) **- Chairperson**<br>2. Head of Department Concerned **– Member**<br>3. Deputy Secretary (UD) **– Member**<br><br>**Note:** *Senior Most member of the Departmental Confirmation Committee shall act as Chairperson in case the notified Chairman of the Departmental Confirmation Committee happens to be junior to another member of the Departmental Confirmation Committee.* |
| 13. | Circumstances in which UPSC is to be consulted in making recruitment | Consultation with Union Public Service Commission is not necessary |

By Order and in the Name of the Lt. Governor
of the National Capital Territory of Delhi,

VIJAY CHANDNA, Dy. Labour Commissioner (Admn)

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.